**Regarding operation of Head Post Office in Sheohar**

श्रीमती लवली आनंद **(**शिवहर**) :** महोदया, मेरा संसदीय क्षेत्र शिवहर है, जिसका जिला मुख्यालय भी शिवहर ही है । यह वर्ष 1994 में सीतामढ़ी जिले से अलग होकर अस्तित्व में आया । लेकिन खेद है कि आज दशकों बाद भी इसका प्रधान डाकघर अभी तक सीतामढ़ी में ही अवस्थित है, जिससे शिवहर वासियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है । मैं आपके माध्यम से माननीय दूरसंचार मंत्री जी से आग्रह करती हूँ कि वे इस दिशा में विभाग को शीघ्र समुचित निर्देश दें ताकि शिवहर जिले का प्रधान डाकघर शिवहर में सुचारू रूप से काम करना शुरू करे और स्थानीय लोगों को कठिनाइयों से मुक्ति मिल सके । साथ ही साथ मैं अपने क्षेत्र शिवहर में एक मेडिकल कॉलेज और एक एम्स के लिए भी माँग करती हूँ, क्योंकि यह लोगों के इलाज के लिए जरूरी है ।

महोदया, इसके साथ ही एक बहुत ही गंभीर मामला है कि राज्य सभा में, उच्च सदन में एक सपा के सांसद के द्वारा हमारे महापुरुष राणा सांगा को गाली दी गई है ।? (व्यवधान) उन्हें गद्दार कहा गया । ? (व्यवधान) उन पर एक्शन लेना चाहिए, लेकिन अभी तक एक्शन नहीं लिया गया है ।? (व्यवधान)